HINDI
LESSON PLAN

हिंदी पाठ योजना

पठन हेतु – नकलची बंदर			निर्धारित कालांश – 1	
पूर्वज्ञान – चित्र देखकर जानवरों की पहचान, अध्यापिका द्वारा पूछे गए प्रश्नों का उत्तर देने में सक्षम होना				
दिवस	**पृष्ठ सं. और अनुभाग**	**उद्देश**	**शिक्षण नीति और सहायक-सामग्री**	**कक्षाकार्य / अभ्यास कार्य**
1	पृ. सं.1- नकलची बंदर	बच्चों की भाषा में रुचि बढ़ाने के लिए तथा मौखिक अभिव्यक्ति के विकास के लिए चित्र की सहायता से कहानी को विकसित करना	शिक्षण नीति - डिकोडिंग सहायक-सामग्री – पाठ्य-पुस्तक, बंदर का चित्र	कक्षाकार्य – अध्यापक द्वारा पूछे गए प्रश्नों के उत्तर देना अभ्यास कार्य – कहानी दोहराने के लिए कहना
दिवस - 1 कालांश अवधि: 30 मिनट				

प्रस्तावना चरण: (Anticipatory Set) समय – 5 मिनट

- छात्रों से बंदर का चित्र दिखाकर उसका नाम पूछना तथा उसके बारे में कुछ बोलने के लिए प्रेरित करना
- छात्रों को पाठ्-पुस्तक का पृ.स.-1 निकालने के लिए कहना

मुख्य चरण: (Transaction Process) समय – 20 मिनट

- छात्रों को छः समुह में बाँटना और एक-एक समूह से एक-एक चित्र से संबंधित प्रश्न पूछना
- चित्रों के क्रमानुसार घटना व्यवस्थित करवाना फिर अध्यापिका पूर्ण चित्रकथा सुनाएगी
- पूर्ण चित्र-कथा सुनाने के लिए प्रोत्साहित करना

अंतिम चरण: (Closure) समय – 5 मिनट

- छात्र जोड़ो में एक-दूसरे से कहानी कहेंगे।

मूल्यांकन: अध्यापक निरीक्षण द्वारा छात्रों की समझ को जाँचना (चित्रकथाएँ बच्चों की मौखिक अभिव्यक्ति के विकास के लिए है। चित्रों द्वारा भाषा-ज्ञान सरल और रुचिकारक बनता है।)

पाठ 1 – बिना मात्रा वाले शब्द	निर्धारित कालांश – 5

पूर्वज्ञान – सभी वर्णों की पहचान होना, दो-तीन-चार अक्षर वाले शब्दों को पढ़ने में सक्षम होना

शब्द-भण्डार – घर, जग, फल, बस, हल, अब, आग, ईंट, उड़, ऋण, एक, ओस, और, कल, चल, छत, जल, टब, डर, थन, धन, नल, यज्ञ, रथ, वक, कमल, मगर, कलश, शहद, सड़क, आदर, ऋषभ, ऐनक, गरम, रबड़, ठहर, डगर, नमक, पवन, भजन, मटर, वचन, शहर, सड़क, हवन, बटन, औरत, खबर, अदरक, अजगर, उपवन, कटहल, कसरत, गड़बड़, गरदन, थरमस, बरतन, नटखट, नफरत, शलगम, पनघट, बरगद, मखमल, षटपद, बरगद, अचकन

दिवस	पृष्ठ स. और अनुभाग	उद्देश	शिक्षण-नीति और सहायक-सामग्री	कक्षाकार्य / अभ्यास कार्य
1	पृ. 2, 3 बिना मात्रा वाले दो-तीन अक्षरों से बने शब्द, आओ अभ्यास करें आओ पढ़े	- चित्र को पहचानकर शब्द बताने में सक्षम होना - बिना मात्रा वाले शब्दों को पढ़ने में सक्षम होना - बिना मात्रा वाले सरल वाक्य पढ़ने में सक्षम होना	शिक्षण नीति- डिकोडिंग सहायक-सामग्री– पाठ्-पुस्तक, बिना मात्रा वाले दो अक्षरों से बने शब्दों के चित्र, श्यामपट्ट, चॉक	कक्षाकार्य – 2, 3 अभ्यास कार्य – अक्षर जोड़कर नए शब्द लिखना
2	पृ. 4, 5 आओ अभ्यास करें, आओ पढ़े, शब्दार्थ	- आओ अभ्यास करें-वाक्य पढ़ना - चार अक्षर वाले शब्दों को जोड़कर पढ़ने में सक्षम होना - चित्रों की सहायता से चार अक्षर वाले शब्द पढ़ने में सक्षम होना	बिना मात्रा वाले तीन अक्षरों से बने शब्दों के चित्र, श्यामपट्ट, चॉक	कक्षाकार्य - पृ.-4, 5 अभ्यास कार्य – शब्दार्थ याद करना
3	पृ. 6, 54, 55 अभ्यास पुस्तिका	- सरल वाक्य पढ़ने में सक्षम होना - चित्र की सहायता से वाक्य पूरे करने में सक्षम होना - अक्षरों की सहायता से शब्द निर्माण करने में सक्षम होना	श्यामपट्ट, चॉक	कक्षाकार्य - पृ. 6, 54, 55 अभ्यास कार्य – शब्दार्थ याद करना
4	पृ. 56-58 अभ्यास पुस्तिका	- शब्दों में प्रयुक्त वर्णों की पहचान होना और अक्षर जोड़कर शब्द बनाने में सक्षम होना - चित्र की पहली ध्वनि पहचानने में सक्षम होना - चित्र की सहायता से शब्द निर्माण करना - शब्दों को उनके चित्रों से मिलाने में सक्षम होना	बिना मात्रा वाले चार अक्षरों से बने शब्दों के चित्र, श्यामपट्ट, चॉक	कक्षाकार्य - पृ.56 – 58 अभ्यास कार्य–नए शब्द याद करना
5	पृ. 59-61, श्रुतलेख अभ्यास पुस्तिका	- अक्षरों को मिलाकर लिखने में सक्षम होना - नए शब्द पहचानना - चित्र की सहायता से वाक्य पूरे करने में सक्षम होना - चित्र बनाकर रंग भरने में सक्षम होना - सुनकर शब्द लिखने में सक्षम होना	श्यामपट्ट, चॉक, पेंसिल, रबड़	कक्षाकार्य – पृ. 59 - 61 अभ्यास कार्य– शब्दार्थ याद करना

दिवस – 1 कालांश अवधि: 30 मिनट	दिवस - 2 कालांश अवधि: 30 मिनट
प्रस्तावना चरण: (Anticipatory Set) समय – 5 मिनट - छात्रों से बिना मात्रा वाले दो अक्षरों से बने शब्दों का चित्र दिखाकर उनका नाम पूछें। - पृ. 2 निकालने के लिए कहें। **मुख्य चरण: (Transaction Process) समय – 20 मिनट** - बच्चों की भाषा में रुचि तथा शब्द-ज्ञान बढ़ाने के लिए चित्र की सहायता से शब्दों का परिचय करवाना [अ हिंदी के सभी व्यंजनों में मिला होता है। इसकी अलग मात्रा नहीं दिखाई जाती।] - चित्र दिखाकर छात्रों से प्रश्न पूछना और शुद्ध उच्चारण पर ध्यान देना - बच्चों को बोर्ड पर दो और तीन अक्षरों से शब्द बनाना सिखाना और समझाना - बच्चों की भाषा में रुचि तथा शब्द-ज्ञान बढ़ाने के लिए चित्र की सहायता से शब्दों का परिचय करवाना और नए शब्दों का अभ्यास करवाना **अंतिम चरण: (Closure) समय – 5 मिनट** - छात्रों से शब्द दोहराने के लिए कहना **मूल्यांकन:** अध्यापक निरीक्षण द्वारा छात्रों की समझ को जाँचना (चित्र दिखाएँ और उसका नाम पूछे, इससे भाषा में सरसता और पुष्टता आती है।)	**प्रस्तावना चरण: (Anticipatory Set) समय – 5 मिनट** - छात्रों से बिना मात्रा वाले तीन अक्षरों से बने शब्दों का चित्र दिखाकर उनका नाम पूछें और पृ.3 निकालने के लिए कहें। **मुख्य चरण: (Transaction Process) समय – 20 मिनट** - छात्रों से वाक्य पढ़ने के लिए कहें - तीन, चार अक्षर वाले शब्द बनाने और वाक्य में प्रयोग के लिए कहें और शब्दार्थ समझाएँ। - वर्ण सीख लेने पर मात्रारहित शब्द और वाक्यों को पढ़वाएँ। वर्ण केवल आवाज़ है, शब्द और वाक्य ही भाषा का सार्थक रुप है। **अंतिम चरण: (Closure) समय – 5 मिनट** - छात्रों को गोल घेरे में बिठाएँ और प्रत्येक छात्र को कोई भी एक बिना मात्रा वाला शब्द बताने को कहें। निर्धारित समय के भीतर, यह क्रिया इसी प्रकार दोहराते रहें। **मूल्यांकन:** अध्यापक निरीक्षण द्वारा छात्रों की समझ को जाँचना
दिवस - 3 कालांश अवधि: 30 मिनट	**दिवस - 4 कालांश अवधि: 30 मिनट**
प्रस्तावना चरण: (Anticipatory Set) समय – 5 मिनट - छात्रों से अभ्यास कार्य के बारे में पूछें। पृ.6 निकालने के लिए कहें। **मुख्य चरण: (Transaction Process) समय – 20 मिनट** - वाक्य, शब्द तथा शब्दार्थ का मौखिक व लिखित अभ्यास करवाना - छात्रों को अभ्यास पुस्तिका में दिए गए प्रश्नों के बारे में बताना और समझाना - छात्रों को अपना कार्य निर्धारित समय-सीमा में समाप्त करने के लिए कहना **अंतिम चरण: (Closure) समय – 5 मिनट** - छात्रों को जोड़ों में एक-दूसरे को पाठ्य पुस्तक में पाठ पढ़कर सुनाने के लिए कहें।	**प्रस्तावना चरण: (Anticipatory Set) समय – 5 मिनट** - छात्रों से पाठ संबंधित प्रश्न पूछें और पृ. 56 निकालने के लिए कहें। **मुख्य चरण: (Transaction Process) समय – 20 मिनट** - छात्रों को अभ्यास पुस्तिका में दिए गए प्रश्नों के बारे में बताना और समझाना जैसे अक्षरों को अलग करें, उदाहरण अनुसार लिखें, मिलाए अक्षर जोड़े मिलाकर लिखें, शब्द पूरे करें मिलाएँ - नए शब्द अभ्यास लिखित और मौखिक रूप में करवाना **अंतिम चरण: (Closure) समय – 5 मिनट** - अध्यापिका छात्रों को बोर्ड के पास बुलाएँ और उन्हें बिना मात्रा वाला कोई भी एक शब्द बोर्ड पर

मूल्यांकन: अध्यापक निरक्षण द्वारा पठन और लेकन कौशल की जाँच करें।	लिखने के लिए दें। यदि कोई छात्र गलत शब्द लिखता है तो अध्यापिका अन्य छात्रों से गलती पहचानने के लिए कहें और फिर किसी अन्य छात्रो को बोर्ड पर शुद्ध वर्तनी लिखने के लिए बुलाएँ। **मूल्यांकन**: अध्यापक निरक्षण द्वारा लेखन-कौशल की जाँच करें

दिवस - 5 **कालांश अवधि: 30 मिनट**

प्रस्तावना चरण: (Anticipatory Set) **समय – 5 मिनट**

- छात्रों से चार अक्षर वाले शब्द पढ़ने तथा उसके बारे में कुछ बोलने के लिए प्रेरित करनातथा पृ.स.-59 निकालने के लिए कहना

मुख्य चरण: (Transaction Process) **समय – 15 मिनट**

- छात्रों को अभ्यास पुस्तिका में दिए गए प्रश्नों जैसे अक्षरों को मिलाकर लिखना, शब्द पूरे करना मिलाना वाक्य पूरे करना, अक्षर पहचानकर लिखना चित्र बनाकर रंग भरना आदि समझाना
- छात्रों को निर्धारित समय सीमा में अपना कार्य समाप्त करने के लिए कहना

अंतिम चरण: (Closure) **समय – 10 मिनट**

- छात्रों को श्रुतलेख देना और उन्हें श्रुतलेख के बारे में बताना और समझाना
- छात्रों को बताना कि वे दो, तीन और चार अक्षर वाले 5 शब्द बारी-बारी बोलेंगी और छात्र उन शब्दों को लिखेंगे।

मूल्यांकन: अध्यापक निरीक्षण द्वारा छात्रों को लेखन कौशल की जाँच करना (केवल शब्द और वाक्य परिचय न करवाए बल्कि उसपर पूरी बात-चीत करें, ताकि बच्चे भाषा का सही प्रयोग करना सीखें। प्रस्तुत पाठ द्वारा यह सुनिश्चित किया जाएगा कि बच्चे दो, तीन और चार वर्णों के शब्द पढ़ सकते हैं तभी मात्रा-युक्त शब्द पढ़ाने का कार्य आरंभ करें ङ, ञ, ण, ड़, ढ़ से कोई शब्द प्रारंभ नहीं होते हैं।)